**GOSSNER EVANGELICAL LUTHERAN CHURCH IN CHOTANAGPUR & ASSAM**

*Registered Under Societies Registration Act. XXI of 1860 Vide No. 273 J of 30-07-1921, 189/2012-13 dt. 6.9.2012 (Jharkhand)*

Head Office : Central Council Office, G.E.L. Church Compound, Main Road, Ranchi-834001, Jharkhand, India.

**Rt. Rev. Johan Dang**
*Moderator*

E-mail : churchgel@gmail.com
moderatorgelchurch@gmail.com
Tel. No. : 0651-2351513

*Ref. No.* CC- 74/39

Ranchi
*Date* 4.4.2020

***"न तो बल से, और न शक्ति से, परन्तु मेरे आत्मा के द्वारा होगा, मुझ सेनाओं के यहोवा का यही वचन है" (जकर्याह 4:6)***

मसीह में मेरे अतिप्रिय भाइयों एवं बहनों,

धन्य एवं पुनरूत्थित, हमारे प्रभु यीशु मसीह के नाम से आप सभों को अभिवादन करता हूँ।

आम लोगों के स्वास्थ्य संबंधी चिन्ता के आलोक में जो कोरोनावायरस (Covid-19) से संबंधित संक्रामक महामारी पूरे विश्व में भारत सहित फैला हुआ है। भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा जारी आदेश के तहत पूरे देश को 14 अप्रैल तक तालाबन्द किया गया है।

उपरोक्त निर्देशों के कार्यान्वयन हेतू, हमारी कलीसिया के सभी कार्यक्रमों एवं क्रिया–कलापों (गिरजा अराधना सहित) को स्थगित किया गया जिसकी सूचना विभिन्न माध्यमों से दी गयी है।

इस अनिश्चितता एवं भय के सबसे खराब महौल में, हम हमारे प्यारे प्रभु के वचन को देखें जो सांत्वना, शांति और आशा देती है। यीशु कहते हैं, "तुम्हारा मन व्याकुल न हो, तुम परमेश्वर पर विश्वास रखते हो मुझ पर भी विश्वास रखो" (यूहन्ना 14:5)

आपसभों से मैं अर्जी करता हूँ कि आप अपना ध्यान रखें, सभी तरह के सावधानियों को बरतें एवं अपने स्वास्थ्य की देखभाल इस खतरे की स्थिति में उचित रीति से करें। मैं आपसभों को सांत्वना देता हूँ कि हमलोग परमेश्वर के अनुग्रह से इस भयानक वायरस से लड़कर आनेवाले दिनों में विजयी होंगे और प्रभु को धन्यवाद देंगे।

मैं पूरे गोस्सनर परिवार से अपील कर रहा हूँ कि आनेवाले 9 अप्रैल 2020 वृहस्पतिवार को पूरे कलीसिया में प्रार्थना का दिन ठहराया गया है जो सुबह छः बजे से शाम के छः बजे तक होगा। प्रत्येक परिवार कम–से–कम एक घंटा समय अवश्य देकर इसमें सम्मिलित हों।



G.E.L. CHURCH Ranchi Central Council Office

जब यरूशलेम के भव्य मंदिर का समर्पण हुआ तब यहोवा परमेश्वर ने सुलेमान से कहा, "तब यदि मेरी प्रजा के लोग जो मेरे कहलाते हैं, दीन होकर प्रार्थना करें और मेरे दर्शन के खोजी होकर अपनी बुरी चाल से फिरें, तो मैं स्वर्ग में से सुनकर उनका पाप क्षमा करूँगा और उनके देश को ज्यों का त्यों कर दूँगा। और अब से जो प्रार्थना इस स्थान में की जायेगी, उस पर मेरी आँखे खुली और मेरे कान लगे रहेंगे" (2 इतिहास 7:14–15)

मित्रों, परमेश्वर की ओर कृतज्ञ ह्रदय के साथ देखने से देश के लिये चंगाई और कुशलता की पुनः स्थापना होती है। यही समय है जब हम एक साथ आयें और एक–दूसरे के लिये प्रार्थना–निवेदन करें।

प्रार्थना एवं स्नेहसहित आपका,

Rt Rev J Dang

राईट रेव्ह. जोहन डांग
मोडरेटर, जी.ई.एल. चर्च

<u>कुछ निर्देशः</u>

- प्रार्थना दिवसः 9 अप्रैल 2020 (वृहस्पतिवार) – समयः सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक।
- यह एक आत्मिक लड़ाई भी है, अतः इस अर्जी को गंभीरता से लें।
- जो उपवास रखकर प्रार्थना करना चाहते हों, आप ऐसा कर सकते हैं।
- प्रार्थना का स्थान घर है। प्रत्येक परिवार कम–से–कम एक घंटा समय अवश्य देवें।
- प्रार्थना सत्र में जाने से पूर्व कुछ समय आराधना में बितायें।
- अन्त में, एक गीत, प्रभु की प्रार्थना एवं आशीर्वाद वचन एक साथ उच्चारण करें।

<u>प्रार्थना के लिए विषय वस्तुः</u>

1. सरकार एवं विश्व के अगुवों के लिए प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि प्रभु की आशीष सभी अधिकारियों को ज्ञान और बुद्धि साथ मिले ताकि वे उचित निर्णयों को ले सकें जो मानव हित में हों। साथ ही यह भी प्रार्थना करें कि इस समस्या के निदान के लिये प्रभु की बुद्धि उन्हें मिले।
2. प्रार्थना करें कि सभी नागरिक ऐतिहातिक (सावधानी) निर्देशों का पालन करें: प्रार्थना करें कि सभी लोग सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों को अपनायें, सावधान रहें, लोगों से दूर रहें, एवं अपने घरों में सुरक्षित रहें।
3. उन देशों के लिये प्रार्थना करें जहाँ स्थिति भयावह है जैसे कि इटली, जर्मनी, ईरान, स्पेन, दक्षिण कोरिया, चीन, अमेरिका, इंग्लैंड, पूर्व–एशियाई देश, भारत एवं अन्य देशों के लिए।



G.E.L. CHURCH ★ Ranchi ★ Central Council Office

4. सांत्वना एवं शांति के लिये प्रार्थनाः शोकित परिवारों के लिये प्रार्थना करें जिन्होंने अपने प्यारों को खो दिया है।
5. चंगाई के लिये प्रार्थनाः उन लोगों के लिये प्रार्थना करें जो इस समय संक्रमित हैं विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों, एवं गरीब लोगों के लिये जो इस वायरस के प्रत्यक्ष शिकार हैं।
6. बेघर एवं हाशिये में रहनेवालों (वंचित लोगों) के लिये प्रार्थनाः प्रार्थना करें परमेश्वर ऐसे पीड़ित और वंचित लोगों की रक्षा करे।
7. पलायन किये हुए, विद्यार्थी, दैनिक मजदूरों के लिये प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि परमेश्वर उनकी रक्षा करें एवं उनकी आवश्यकताओं को पूरा करे।
8. स्वास्थ्यकर्मियों के लिये प्रार्थनाः डॉक्टर, नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के लिये प्रार्थना करें जो रात और दिन मेहनत और सेवा कर रहे हैं।
9. नगरपालिका, ग्रामसभा, एवं स्वास्थ्यकर्मियों के लिये प्रार्थनाः इन शासी ईकाइयों से जुड़े लोगों के लिये प्रार्थना करें जो लोगों को वायरस से बचाने में लगे हुए हैं।
10. सेवा–सहयोगियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए प्रार्थनाः पूरे विश्व के ऐसे लोगों एवं संस्थाओं के लिये प्रार्थना करें।
11. मीडिया के लिये प्रार्थनाः मीडिया के लिये प्रार्थना करें ताकि सही जानकारी का प्रसारण हो।
12. मसीही अगुवों के लिएः समस्त मसीही अगुवों के लिए प्रार्थना करें ताकि वे सेवक–नेतृत्व का परिचय देवें।
13. मसीही समुदाय के लियेः प्रार्थना करें कि समस्त मसीही समुदाय एक जीवित गवाही बन सके।
14. अपने परिवार के लियेः प्रार्थना करें कि प्रभु की निगाह हमारे परिवारों में हो ताकि हम सुरक्षित रहें और हमारा पारिवारिक बन्धन मजबूत हो सके।
15. हमारे कलीसिया के लोगों के लियेः प्रार्थना करें कि हमारे लोग परमेश्वर की उपस्थिति, अनुग्रह, दया और सुरक्षा के छाँव में रहें।
16. हमारे मिशन पार्टनर (मिशन सहयोगी) एवं मित्रों के लियेः प्रार्थना करें कि हमारे मिशन सहयोगी एवं मित्र जो जर्मनी एवं अन्य जगहों में हैं, प्रभु की आशीष और सुरक्षा में रहें।

हम कृतज्ञता से आपको एवं आपके परिवार को इस विशेष प्रार्थना में जुड़ने के लिये आह्वानकरते हुए धन्यवाद देते हैं। परमेश्वर गोस्सनर परिवार को आशीष देवे।

Rt Rev J Dang

G.E.L. CHURCH Ranchi Central Council Office

राईट रेव्ह. जोहन डांग
मोडरेटर जी.ई.एल. चर्च

Moderator
Gossner Evangelical Lutheran (GEL) Church
C.C. Office, Main Rd, Ranchi (Jharkhand)